डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADHUNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

# हिन्दुस्तान

दिनांकः 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्याः 03

# महिला खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**अवध विवि**

**अयोध्या, संवाददाता।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय 'क्वान की डो' महिला प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय को तीसरा स्थान दिलाया। आखिरी दिन हाशमी ने 51 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। जबकि लक्ष्मी पाठक ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके पूर्व में प्रियंका कुमारी व पूजा यादव को स्वर्ण पदक मिल चुका है। वहीं सोनिया को कांस्य पदक मिला है।



तीसरा स्थान मिलने पर ट्राफी के साथ खिलाड़ी व कोच।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है। इनकी मेहनत व लगन का प्रतिफल रहा है कि विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्पर्धा में स्वर्ण, कांस्य, रजत पदक मिले। पूरी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान दिलाया। क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों के साथ पूरी टीम को बधाई दी।

# हिन्दुस्तान

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 06


## परास्नातक के 77 मेधावियों को कुलाधिपति एवं स्नातक के 36 मेधावियों को कुलपति स्वर्ण पदक मिलेगा

# 130 मेधावियों को मिलेगा गोल्ड मेडल

**अवध विवि**

- आगामी 17 मार्च को आयोजित होगा 27वां दीक्षांत समारोह
- स्नातक 563 व परास्नातक 706 छात्रों को उपाधि दी जाएगी



डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय (फाइल फोटो)।

**अयोध्या, संवाददाता।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आगामी 17 मार्च को आयोजित होने वाले 27 वें दीक्षांत समारोह में स्नातक व परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 130 मेधावियों को स्वर्ण पदक मिलेगा। इसमें परास्नातक के 77 मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक एवं स्नातक के 36 मेधावियों को कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। वहीं दान स्वरूप 12 स्वर्ण पदक कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा स्नातक के पांच स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा 97 विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी तथा परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जाएगी।

अवध विवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई गोल्ड मेडल के मेधावियों की सूची के मुताबिक स्नातक पाठ्यक्रम में कुलपति गोल्ड मेडल के रूप में बीए की आकांक्षा वर्मा, म्यूजिक इन बीए के अवनीश पांडेय, बीकॉम की स्नेहा उपाध्याय, बीएससी की प्रियंका मौर्या, बीएससी गृह विज्ञान प्रेरणा तिवारी, बीएससी कृषि शालिनी सिंह, बीएससी नर्सिंग नवनीत कौर, बीएससी नर्सिंग रुखसार निशा, बीएससी मेडिकल लेबोरेटरी टेक्निक्स मो. उस्मान इदरीसी, बीएससी रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग टेक्निक्स यश उपाध्याय, बीएससी ऑप्टोमेट्री मीना वर्मा, एलएलबी त्रिवर्षीय शाहिद, एलएलबी पंचवर्षीय स्मृति मिश्रा, बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में सुरक्षा केसरी, बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग त्रिभुवन पाल, बीटेक इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी अंशिका यादव, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रिया रंजन, बीटेक सिविल इंजीनियरिंग साकिब जमाल अंसारी, बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ज्योति दुबे, बीबीए हिमगंगे भारती, बीसीए शैलजा विश्वकर्मा, बीपीईस भाग्यश्री उपाध्याय, बीएड के अरुण चतुर्वेदी, बीपीएड की रिया चौधरी, बीडीएस की ज्योति मिश्रा, सभ्या कुलश्रेष्ठ, एमबीबीएस के गगन छाबड़ा, बीपीएड के दुर्गेंद्र शगुन, वी-वॉक मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म हर्षित कुमार कुशवाहा, वी-वाक टूरिज्म एंड हॉस्पिटलिटी यशी श्रीवास्तव, बीएससी की सृष्टि सोनी, बैचलर आफ विजुअल आर्ट्स के रोहन यादव, बीलिब के रमा थूलासिया कामबाला, रवि कुमार पांडेय व निधि पटेल को मिलेगा।

## वेशभूषा और परीक्षा विभाग से उपाधि वितरित होगी

**अयोध्या, संवाददाता।** अवध विवि में 17 मार्च को कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में 27वां दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। इसमें कुलाधिपति स्वर्ण पदक राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल प्रदान करेंगी। जबकि कुलपति स्वर्ण पदक प्रो. गोयल देंगी। अवध विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि उपाधि धारक छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सायं चार बजे तक की जाएगी। प्रवेश परीक्षा भवन में वेशभूषा उत्तरीय व परीक्षा विभाग से उपाधि छात्रों को प्रदान की जाएगी। उपाधि प्राप्त करने के लिए छात्रों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अपेक्षा की गई है कि पांच मार्च तक दीक्षांत समारोह सुव्यवस्था के लिए सहमति प्रदान करें। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों को सूचित कर दिया है।

# हिन्दुस्तान

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 06


# विद्यार्थियों की विभिन्न प्रस्तुतियों ने भाव विभोर किया

## दीक्षांत पखवारा



अवध विवि में दीक्षांत पखवारे की शुरुआत के दौरान शिक्षक व विद्यार्थी।

अयोध्या, संवाददाता। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 27वें दीक्षान्त समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षान्त पखवारा संत कबीर सभागार में शुरू हुआ। पखवारे के पहले दिन विद्यार्थियों ने काव्य पाठ एवं शेर और शायरी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारम्भ संयोजक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, सह संयोजक प्रो. नीलम पाठक व अन्य ने किया।

विद्यार्थियों ने शेरो-शायरी की शुरुआत कृष्ण-अर्जुन संवाद से शुरू की। कविताओं ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं फाल्गुनी निषाद ने कालेज का हसीन वृतान्त कविता पर सभी श्रोताओं को आनन्द से ओतप्रोत कर दिया। प्रभाकर ने वीररस की कविता प्रस्तुत कर श्रोताओं में जोश भरा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. शिवी श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. प्रतिभा सिंह व डॉ. अंशुमान पाठक रहे। इसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के 44 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर संयोजक प्रो. सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है। संचालन डॉ. हर्षवर्धन ने किया। इस दौरान प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, डॉ. सर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. श्रीष अस्थाना, डॉ. रामजी सिंह, डॉ. रामजीत सिंह, डॉ. गायत्री वर्मा, डॉ. प्रतिभा, इंजीनियर शाम्भवी, डॉ. मणिकान्त त्रिपाठी, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. महेन्द्र पाल सिंह व अन्य मौजूद रहे।

अमर उजाला माईसिटी

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 02

# मेधावियों को मिलेंगे 130 स्वर्ण पदक

## 17 मार्च को होगा अवध विवि का 27वां दीक्षांत समारोह, तैयारियां शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 27वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को होगा। इसमें स्नातक, परास्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को करीब 130 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। जबकि, 97 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। दीक्षांत समारोह की तैयारियां इन दिनों तेजी से हो रही हैं।

विवि के मीडिया प्रभारी विजयेंदु चतुर्वेदी ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल व विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा परास्नातक छात्र-छात्राओं को 77 स्वर्ण पदक व कुलपति द्वारा स्नातक छात्रों को 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। वहीं, दान स्वरूप 12 स्वर्ण पदक कुलाधिपति और कुलपति द्वारा स्नातक के पांच स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जाएगी।

बताया कि उपाधि धारक छात्र-छात्राओं को विवि में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 से 16 मार्च तक सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा भवन में वेशभूषा उत्तरीय व परीक्षा विभाग से उपाधि छात्रों को प्रदान की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों को अपना आधारकार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## कविता पाठ से शुरू हुआ विवि का दीक्षांत पखवाड़ा

**अयोध्या।** अवध विवि के 27वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षांत पखवाड़े का शुभारंभ सोमवार को संत कबीर सभागार में हुआ। पहले दिन परिसर के छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ व शेरो-शायरी का आयोजन किया। प्रतियोगिता में 44 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीक्षांत पखवाड़ा समारोह के संयोजक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, सह संयोजक प्रो. नीलम पाठक आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने शेरो-शायरी की शुरूआत कृष्णा-अर्जुन संवाद से की। निर्णायक मंडल में डॉ. शिवी श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. अंशुमान पाठक शामिल रहे। संवाद

## विवेक बने पुलिस उप निरीक्षक



**बाबाबाजार।** बाबा बाजार के गांव बहांपुर के विवेक पांडेय का चयन पुलिस उप निरीक्षक पद पर हुआ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में उन्हें नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। उन्होंने इंटर तक की पढ़ाई रामसेवक स्मारक इंटर कॉलेज बाबा बाजार से की। नोएडा से बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया। विवेक के पिता कृष्ण मगन पांडेय भारतीय जीवन बीमा निगम में अभिकर्ता हैं और माता गृहणी हैं। संवाद

अमर उजाला माईसिटी

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 02

# महिला खिलाड़ियों ने विवि को दिलाया तीसरा स्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय 'क्वान की डो' महिला प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विवि को तृतीय स्थान दिलाया है।

अंतिम दिन विवि की खिलाड़ी छात्रा हाशमी ने 51 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। लक्ष्मी पाठक ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसकी बदौलत अवध विवि को प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इससे पहले प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी ने 71 किलोग्राम भार वर्ग व पूजा यादव ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक दिलाया है। वहीं, सोनिया ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक दिलाया। प्रतियोगिता के टीम कोच सुरेश सिंह रहे।

महिला खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विवि की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है। इनकी मेहनत व लगन का प्रतिफल रहा है कि विवि को तृतीय स्थान मिला है।

क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह व क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। कहा कि खिलाड़ियों को विवि में सम्मानित भी किया जाएगा।



ट्रॉफी के साथ मौजूद अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ी। -संवाद

# दैनिक जागरण

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 05

अयोध्या जागरण


# अवध विश्वविद्यालय के आंगन में स्वर्णिम आभा बिखेरते शोध



**विज्ञान दिवस आज**

संसू,अयोध्या : डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आंगन में विज्ञान का ऐसा चिंतन विकसित हो चुका है, जो देश दुनिया को राह दिखाने वाला है। साथ ही बाल व युवा विज्ञानियों को अच्छे शोध के लिए प्रेरित करेगा। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार व पर्यावरण विभाग के विज्ञानी डा. विनोद चौधरी ने ऐसे शोध किए, जो आज विवि की पहचान से जुड़ चुके हैं। डा.विनोद के दो व प्रो. शैलेंद्र के एक शोध को पेटेंट हासिल हो चुका है। ये शोध आम लोगों के लिए उपयोगी है। साथ ही पर्यावरण के लिए लाभकारी है।



स्मार्ट बैंडेज विकसित करने के दौरान विज्ञानी प्रो. शैलेंद्र कुमार : जागरण

## मुद्रा सैनिटाइज करने वाली मशीन तथा शवदाह के लिए कैवल्य



डा. विनोद चौधरी

अयोध्या : पर्यावरण विज्ञानी डा. विनोद चौधरी के दो शोध को पेटेंट हासिल हुआ है। एक में कागज की मुद्रा को संक्रमण मुक्त करने के लिए यंत्र तैयार किया गया, जबकि दूसरे शोध में शवदाह के लिए कैवल्य का निर्माण किया। कैवल्य में कम लकड़ी का खर्च शवदाह में होगा। इससे प्रदूषण भी कम होता है। इसके प्रयोग से नदियों के किनारे बने शवदाह स्थलों पर प्रदूषण कम किया जा सकेगा। इसके प्रयोग से ईंधन की खपत को कम किया जाएगा। विज्ञानी ने सुझाया है कि यदि शवदाह में लकड़ी की जगह उपलों का प्रयोग किया जाए तो लकड़ी की बचत हो सकती है।

**शरीर के घाव भरने में उपयोगी है प्रो. शैलेंद्र की स्मार्ट बैंडेज**

डा. शैलेंद्र कुमार ने ऐसा स्मार्ट बैंडेज विकसित किया है, जो शरीर के घावों को तेजी से भरता है। साधारण बैंडेज की अपेक्षा इस बैंडेज के प्रयोग से घाव जल्दी ठीक हो जाता है। यह बैंडेज सिल्वर नैनो कणों से युक्त है। इसका पेटेंट प्रकाशित हो चुका है। इसकी डिजाइन साधारण टेप बैंडेज की तरह है। बस, साधारण बैंडेज में जिस जगह दवा लगी होती है, स्मार्ट बैंडेज में उसी स्थान पर सिल्वर नैनो कण प्रयुक्त होते हैं साधारण बैंडेज के लगाने पर घाव औसतन पांच से सात दिन में भरता है, जब कि स्मार्ट बैंडेज से घाव दो से तीन दिन में ही भर जाता है। सिल्वर नैनो कणों को जैविक तरीके से विकसित किया गया है। चांदी के कणों वाली इस पट्टी में औषधीय गुण भी मौजूद हैं।

प्रो. कुमार ने बताया कि सिल्वर नैनो कणों से युक्त स्मार्ट बैंडेज को तैयार करने में एलोवेरा, तुलसी व हल्दी जैसे औषधीय गुणों वाले पौधों का प्रयोग होता है। इन पौधों के रस को मिला कर चांदी के केमिकल कम्पाउंड के साथ प्रोसेस करके सिल्वर नैनो कण तैयार होते है।

# अमृत विचार

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 02

## अन्तर विश्वविद्यालयीय स्पर्धा में अवध विवि को तीसरा स्थान



प्रतियोगिता में ट्रॉफी हासिल करतीं अवध विवि की छात्राएं।

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने चंडीगढ विश्वविद्यालय मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय क्वान की डो प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान दिलाया। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन विश्वविद्यालय की खिलाडी छात्रा हाशमी ने 51 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, वही दूसरी ओर लक्ष्मी पाठक ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इससे पहले प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी ने 71 किलोग्राम भार वर्ग व पूजा यादव के शानदार खेल प्रदर्शन ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक दिलाया है। वहीं सोनिया ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक दिलाया। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहा कि महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है। क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों के साथ पूरी टीम को बधाई दी है।

अमृत विचार

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 03

# अवध विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 17 मार्च को

**कार्यालय संवाददाता, अयोध्या।**



**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को आयोजित होगा।

इसमें स्नातक, परास्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए छात्रों को करीब 130 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। प्रदेश की राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल द्वारा परास्नातक छात्र-छात्राओं को कुल 77 स्वर्ण पदक व कुलपति द्वारा स्नातक छात्रों को 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। वहीं दान स्वरूप 12 स्वर्ण पदक कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा स्नातक के 5 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। इस दीक्षांत समारोह में 97 छात्रों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जायेगी। दूसरी ओर उपाधि धारक छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक की जायेगी।

स्वतंत्र भारत

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 09

# अवध विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षान्त समारोह 17 मार्च को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च, 2023 को आयोजित होगा। इसमें स्नातक, परास्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए छात्रों को करीब 130 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। प्रदेश की राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल द्वारा परास्नातक छात्र-छात्राओं को कुल 77 स्वर्ण पदक व कुलपति द्वारा स्नातक छात्रों को 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। वहीं दान स्वरूप 12 स्वर्ण पदक कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा स्नातक के 05 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। इस दीक्षांत समारोह में 97 छात्रों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जायेगी। दूसरी ओर उपाधि धारक छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक की जायेगी। प्रवेश परीक्षा भवन में वेशभूषा उत्तरीय व परीक्षा विभाग से उपाधि छात्रों को प्रदान की जायेगी। उपाधि प्राप्ति हेतु छात्रों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अपेक्षा की गई है कि 05 मार्च, 2023 तक दीक्षांत समारोह सुव्यवस्था के लिए सहमति प्रदान करें। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों को सूचित कर दिया है।

**समारोह में 130 सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रों को मिलेगा स्वर्ण पदक**

# स्वतंत्र भारत

दिनांकः 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्याः 09


# अवध विवि में महिला खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने चंडीगढ विश्वविद्यालय मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय 'क्वान की डो' महिला प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान दिलाया। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन विश्वविद्यालय की खिलाडी छात्रा हाशमी ने 51 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, वही दूसरी ओर लक्ष्मी पाठक ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। जिसकी बदौलत अवध विश्वविद्यालय को प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इससे पहले प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी ने 71 किलोग्राम भार वर्ग व पूजा यादव के शानदार खेल प्रदर्शन ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक दिलाया है। वहीं सोनिया ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक दिलाया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ी छात्रा हाशमी ने रजत पदक व लक्ष्मी पाठक ने कांस्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय 'क्वान की डो' महिला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान दिलाया। इस प्रतियोगिता के टीम कोच सुरेश सिंह रहे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, मुख्य कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह, कुलसचिव उमानाथ, प्रो. एस. एन. शुक्ला, प्रो. एस.एस. मिश्रा, प्रो.नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. वी.पी. सिंह, महामंत्री प्रो. जितेंद सिंह, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ. अनुराग पांडेय, पूर्व क्रीड़ा सचिव प्रो. प्रवीण सिंह, प्रो. सन्तोष गौड़, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. मुकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने बधाई दी।



स्वतंत्र चेतना

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 03


# अविवि का दीक्षांत समारोह 17 मार्च को

## 130 सर्वोच्च अंक वालों को मिलेगा स्वर्ण पदक




**स्वतंत्र चेतना, अयोध्या।** अवध विवि की कुलपति प्रो० प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विवि का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को आयोजित होगा। इसमें स्नातक, परास्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए छात्रों को करीब 130 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। प्रदेश की राज्यपाल व विवि की कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल द्वारा परास्नातक छात्र-छात्राओं को कुल 77 स्वर्ण पदक व कुलपति द्वारा स्नातक छात्रों को 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। वहीं दान स्वरूप 12 स्वर्ण पदक कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा स्नातक के 05 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। इस दीक्षांत समारोह में 97 छात्रों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जायेगी। दूसरी ओर उपाधि धारक छात्र-छात्राओं को विवि में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक की जायेगी। प्रवेश परीक्षा भवन में वेशभूषा उत्तरीय व परीक्षा विभाग से उपाधि छात्रों को प्रदान की जायेगी। उपाधि प्राप्ति हेतु छात्रों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अपेक्षा की गई है कि 05 मार्च, तक दीक्षांत समारोह सुव्यवस्था के लिए सहमति प्रदान करें। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों को सूचित कर दिया है।

# स्वतंत्र चेतना

दिनांकः 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्याः 04


# अंतर विवि स्पर्धा में खिलाड़ियो ने रचा इतिहास : कुलपति

## अवध विवि को मिला तीसरा स्थान, दी बधाई



**स्वतंत्र चेतना, अयोध्या।** अवध विवि की महिला खिलाड़ियों ने चंडीगढ विवि मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय 'क्वान की डो' महिला प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विवि को तृतीय स्थान दिलाया। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन विवि की खिलाडी छात्रा हाशमी ने 51 किग्रा भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, वही दूसरी ओर लक्ष्मी पाठक ने 67 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। जिसकी बदौलत अवध विवि को प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इससे पहले प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी ने 71 किग्रा भार वर्ग व पूजा यादव के शानदार खेल प्रदर्शन ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक दिलाया है। वहीं सोनिया ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक दिलाया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ी छात्रा हाशमी ने रजत पदक व लक्ष्मी पाठक ने कांस्य पदक प्राप्त कर विवि को अखिल भारतीय अंतर विवि क्वान की डो महिला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान दिलाया। इस प्रतियोगिता के टीम कोच सुरेश सिंह रहे।

इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विवि की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है। इनकी मेहनत व लगन का प्रतिफल रहा है कि विवि को अखिल भारतीय अंतर विवि स्पर्धा में स्वर्ण, कांस्य, रजत पदक प्राप्त करते हुए पूरी प्रतियोगिता में विवि को तृतीय स्थान दिलाया। विवि क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों के साथ पूरी टीम को बधाई दी। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, मुख्य कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह, कुलसचिव उमानाथ, प्रो. एस. एन. शुक्ला, प्रो. एसएस.मिश्रा, प्रो.नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष ड.संग्राम सिंह, महामंत्री ड.राना रोहित सिंह, अवध विवि महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो0 वीपी सिंह, महामंत्री प्रो0 जितेंद सिंह, प्रो0 अमूल्य कुमार सिंह, डा0 अनुराग पांडेय, पूर्व क्रीड़ा सचिव प्रो0 प्रवीण सिंह, प्रो0 संतोष गौड़, डा0 पूनम जोशी, डा0 विनय कुमार सिंह, डा0 कपिल राणा, डा0 त्रिलोकी यादव, डा0 अनिल मिश्रा, डा0 अर्जुन सिंह, डा0 मनीष सिंह, डा0 मुकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

पायनियर

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 07

# अवध विवि की महिला खिलाड़ियों ने रचा इतिहास, मिला तीसरा स्थान

**संवाददाता।** अयोध्या

**डॉ0** राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने चंडीगढ विश्वविद्यालय मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय ष्कान की डोष् महिला प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान दिलाया। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन विश्वविद्यालय की खिलाडी छात्रा हाशमी ने 51 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, वही दूसरी ओर लक्ष्मी पाठक ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। जिसकी बदौलत अवध विश्वविद्यालय को प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इससे पहले प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी ने 71 किलोग्राम भार वर्ग व पूजा यादव के शानदार खेल प्रदर्शन ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक दिलाया है। वहीं सोनिया ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक दिलाया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ी छात्रा हाशमी ने रजत पदक व लक्ष्मी पाठक ने कांस्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ष्कान की डोष् महिला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान दिलाया। इस प्रतियोगिता के टीम कोच सुरेश सिंह रहे।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० प्रतिभा गोयल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है। इनकी मेहनत व लगन का प्रतिफल रहा है कि विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्पर्धा में स्वर्ण, कांस्य, रजत पदक प्राप्त करते हुए पूरी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान दिलाया। इनके द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन से विश्वविद्यालय गौरान्वित है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो० जसवंत सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों के साथ पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाओं प्रदान की जायेगी।




इसके साथ इन खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय में सम्मानित किया जायेगा।

# अवध गाथा

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 03


# अवध विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को

- विश्वविद्यालय में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से
- दीक्षांत समारोह में 130 सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रों को मिलेगा स्वर्ण पदक

**अवध गाथा संवाददाता**

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च, 2023 को आयोजित होगा। इसमें स्नातक, परास्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए छात्रों को करीब 130 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। प्रदेश की राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनन्दीबेन पटेल द्वारा परास्नातक छात्र-छात्राओं को कुल 77 स्वर्ण पदक व कुलपति द्वारा स्नातक छात्रों को 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। वहीं दान स्वरूप 12 स्वर्ण पदक कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा स्नातक के 05 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। इस दीक्षांत समारोह में 97 छात्रों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जायेगी। दूसरी ओर उपाधि धारक छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक की जायेगी। प्रवेश परीक्षा भवन में वेशभूषा उत्तरीय व परीक्षा विभाग से उपाधि छात्रों को प्रदान की जायेगी। उपाधि प्राप्ति हेतु छात्रों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अपेक्षा की गई है कि 05 मार्च, 2023 तक दीक्षांत समारोह सुव्यवस्था के लिए सहमति प्रदान करें। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों को सूचित कर दिया है।



# अवध गाथा

दिनांकः 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्याः 03

# अवध विवि में दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षांत पखवारा शुरू

## छात्र-छात्राओं ने दीक्षांत पखवारा का शुभारम्भ कविता पाठ से किया



**अवध गाथा संवाददाता**

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षान्त समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षान्त पखवारा का शुभारम्भ संत कबीर सभागार में किया गया। इसमें परिसर के छात्र-छात्राओं द्वारा कविता पाठ एवं शेरों शायरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीक्षान्त पखवारा समारोह के संयोजक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, सह संयोजक प्रो0 नीलम पाठक, समिति के अन्य सदस्यों व निर्णायक मण्डल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया गया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने शेरों शायरी की शुरूआत कृष्णा-अर्जुन संवाद से शुरू की। धीरे-धीरे सभागार प्रेमरस की कविताओं ने समा बॉध दिया। कार्यक्रम में छात्रों की जीवन का किरदार एवं माँ की कविताओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं फाल्गुनी निषाद ने कालेज का हसीन वृतान्त कविता पर सभी श्रोताओं को आनन्द से ओतप्रोत कर दिया। दूसरी ओर प्रभाकर की वीररस कविता ने श्रोताओं में जोश भर दिया। वहीं छात्रों ने बिना परिश्रम के जीवन मे कुछ हासिल नही होता और मेहनत कभी व्यर्थ नही जाती प्रसंग से श्रोताओं को सोचने पर विवश कर दिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ0 शिवी श्रीवास्तव, डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 प्रतिभा सिह और डॉ0 अंशुमान पाठक रहे। इसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 44 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम की सहसंयोजक प्रो0 नीलम पाठक ने छात्रों की प्रतिभा को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 हर्षवर्धन ने किया इस दौरान प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, डॉ0 समेंन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 आशीष पटेल, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 प्रियंका सिंह, डॉ0 श्रीष अस्थाना, डॉ0 रामजी सिंह, डॉ0 रामजीत सिंह, डॉ0 गायत्री वर्मा, डॉ0 प्रतिभा, ई0 शाम्भवी, डॉ0 मणिकान्त त्रिपाठी, डॉ0 प्रदीप सिंह, डॉ0 महेन्द्र पाल सिंह आदि शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## दूसरे के स्थान प

**अवध गाथा संवाददाता**

हैदरगंज / अयोध्या। मॉडर्न इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के दौरान सोमवार को इंटरमीडिएट की दूसरी पाली में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए एक मुन्ना भाई पकड़ा गया। पकड़े गए मुन्नाभाई की विभागीय कार्यवाही करते हुए स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। शिक्षा क्षेत्र तारुन अंतर्गत जाना बाजार में स्थित उक्त इंटर कॉलेज में क्षेत्र के विशुन बाबा इंटर कॉलेज का परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य गुदुन यादव ने बताया अभी तक दो विषयों की परीक्षा हो चुकी थी आज जीव विज्ञान का पेपर था । वही स्टैटिक मजिस्ट्रेट विजय कुमार गुप्ता ने बताया पकड़ा गया युवक हरिकेश यादव बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र है । जो थाना

# अवध कमेंट वीक

**दिनांक: 28 फरवरी, 2023** **पृष्ठ संख्या: 03**

# अन्तर विश्वविद्यालयीय स्पर्धा में अवध विवि को मिला तीसरा स्थान

**अवध कमेंट वीक**

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने चंडीगढ विश्वविद्यालय मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय 'क्रान की डो' महिला प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान दिलाया। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन विश्वविद्यालय की खिलाडी छात्रा हाशमी ने 51 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, वही दूसरी ओर लक्ष्मी पाठक ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। जिसकी बदौलत अवध विश्वविद्यालय को प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इससे पहले प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी ने 71 किलोग्राम भार वर्ग व पूजा यादव के शानदार खेल प्रदर्शन ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक दिलाया है। वहीं सोनिया ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक दिलाया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ी छात्रा हाशमी ने रजत पदक व लक्ष्मी पाठक ने कांस्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय 'क्रान की डो' महिला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान दिलाया। इस प्रतियोगिता के




टीम कोच सुरेश सिंह रहे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि महिला खिलाड़ियों ने राष्टीय स्तर पर विश्वविद्यालय की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है। इनकी मेहनत व लगन का प्रतिफल रहा है कि विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्पर्धा में स्वर्ण, कांस्य, रजत पदक प्राप्त करते हुए पूरी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान दिलाया। इनके द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन से विश्वविद्यालय गौरान्वित है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों के साथ पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाओं प्रदान की जायेगी। इसके साथ इन खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय में सम्मानित किया जायेगा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, मुख्य कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह, कुलसचिव उमानाथ, प्रो. एस. एन. शुक्ला, प्रो. एस.एस. मिश्रा, प्रो.नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. वी.पी. सिंह, महामंत्री प्रो. जितेंद सिंह, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ. अनुराग पांडेय, पूर्व क्रीड़ा सचिव प्रो. प्रवीण सिंह, प्रो. सन्तोष गौड़, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. मुकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# अवध कमेंट वीक

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 04


# अवध विवि में दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षांत पखवारा शुरू

## *छात्र-छात्राओं ने दीक्षांत पखवारा का शुभारम्भ कविता पाठ से किया*



अवध विवि में दीक्षांत पखवारा का शुभारम्भ

**अवध कमेंट वीक**

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षान्त समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षान्त पखवारा का शुभारम्भ संत कबीर सभागार में किया गया। इसमें परिसर के छात्र-छात्राओं द्वारा कविता पाठ एवं शेरों शायरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीक्षान्त पखवारा समारोह के संयोजक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, सह संयोजक प्रो0 नीलम पाठक, समिति के अन्य सदस्यों व निर्णायक मण्डल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया गया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने शेरों शायरी की शुरूआत कृष्णा-अर्जुन संवाद से शुरू की। धीरे-धीरे सभागार प्रेमरस की कविताओं ने समा बाँध दिया। कार्यक्रम में छात्रों की जीवन का किरदार एवं माँ की कविताओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं फाल्गुनी निषाद ने कालेज का हसीन वृतान्त कविता पर सभी श्रोताओं को आनन्द से ओतप्रोत कर दिया। दूसरी ओर प्रभाकर की वीररस कविता ने श्रोताओं में जोश भर दिया। वहीं छात्रों ने बिना परिश्रम के जीवन मे कुछ हासिल नही होता और मेहनत कभी व्यर्थ नही जाती प्रसंग से श्रोताओं को सोचने पर विवश कर दिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ0 शिवी श्रीवास्तव, डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 प्रतिभा सिह और डॉ0 अंशुमान पाठक रहे। इसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 44 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम की सहसंयोजक प्रो0 नीलम पाठक ने छात्रों की प्रतिभा को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 हर्षवर्धन ने किया।

इस दौरान प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, डॉ0 सर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 आशीष पटेल, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 प्रियंका सिंह, डॉ0 श्रीष अस्थाना, डॉ0 रामजी सिंह, डॉ0 रामजीत सिंह, डॉ0 गायत्री वर्मा, डॉ0 प्रतिभा, ई0 शाम्भवी, डॉ0 मणिकान्त त्रिपाठी, डॉ0 प्रदीप सिंह, डॉ0 महेन्द्र पाल सिंह आदि शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवध विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को

**0 दीक्षांत समारोह में 130 सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रों को मिलेगा स्वर्ण पदक**

**0 विश्वविद्यालय में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से**

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च, 2023 को आयोजित होगा। इसमें स्नातक, परास्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए छात्रों को करीब 130 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। प्रदेश की राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनन्दीबेन पटेल द्वारा परास्नातक छात्र-छात्राओं को कुल 77 स्वर्ण पदक व कुलपति द्वारा स्नातक छात्रों को 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। वहीं दान स्वरूप 12 स्वर्ण पदक कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा स्नातक के 05 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। इस दीक्षांत समारोह में 97 छात्रों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जायेगी। दूसरी ओर उपाधि धारक छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक की जायेगी। प्रवेश परीक्षा भवन में वेशभूषा उत्तरीय व परीक्षा विभाग से उपाधि छात्रों को प्रदान की जायेगी। उपाधि प्राप्ति हेतु छात्रों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अपेक्षा की गई है कि 05 मार्च, 2023 तक दीक्षांत समारोह सुव्यवस्था के लिए सहमति प्रदान करें। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों को सूचित कर दिया है।


गुणवत्तापूर्ण नेत्र सुरक्षा ए

मणि मंदिर सेवा न्यास

कुटुंब जागरण

दिनांक: 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्या: 04

# अवध विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को

## दीक्षांत समारोह में 130 सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रों को मिलेगा स्वर्ण पदक

**कुटुंब जागरण ब्यूरो,**
अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को आयोजित होगा। इसमें स्नातक, परास्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए छात्रों को करीब 130 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। प्रदेश की राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनन्दीबेन पटेल द्वारा परास्नातक छात्र-छात्राओं को कुल 77 स्वर्ण पदक व कुलपति द्वारा स्नातक छात्रों को 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। वहीं दान स्वरूप 12 स्वर्ण पदक कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा स्नातक के 05 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। इस दीक्षांत समारोह में 97 छात्रों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जायेगी। दूसरी ओर उपाधि धारक छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक की जायेगी। प्रवेश परीक्षा भवन में वेशभूषा उत्तरीय व परीक्षा विभाग से उपाधि छात्रों को प्रदान की जायेगी। उपाधि प्राप्ति हेतु छात्रों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अपेक्षा की गई है कि 05 मार्च, 2023 तक दीक्षांत समारोह सुव्यवस्था के लिए सहमति प्रदान करें। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों को सूचित कर दिया है।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की वजह से आम जनता में उत्सा: संजीव सिंह

**कुटुंब जागरण ब्यूरो**,अयोध्या। बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की महानगर व जिले की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह अभियान 15 से 25 मार्च के बीच चलाया जायेगा। जिसको लेकर पार्टी कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्या ने अभियान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्जवल व वंदेमातरम के बाद हुई। प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्या ने कहा कि बूथ समिति में अध्यक्ष सहित 11 कार्यकर्ता होंगे। समिति सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी होनी चाहिए। जिसमें सभी सदस्यों के बीच कार्य विभाजन किया जाय। जिसमें एक मंत्री सचिव, मन की बात, व्हाट्सएप प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, प्रभावी मतदाता, युवा प्रमुख, सामाजिक श्रेणी प्रमुख, कार्य प्रमुख होंगे। पन्ना प्रमुख बूथ समिति के अतिरिक्त होंगे। प्रत्येक मण्डल में 11 से 15 मार्च के बीच बैठक करके शक्तिकेन्द्र संयोजक व अल्पकालिक विस्तारक को जानकारी देनी है।

# कुटुंब जागरण

**दिनांक: 28 फरवरी, 2023** **पृष्ठ संख्या: 04**


## अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय स्पर्धा में अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियो ने रचा इतिहास, दिलाया तृतीय स्थान

**कुटुंब जागरण ब्यूरो,**
अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने चंडीगढ विश्वविद्यालय मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय 'क्वान की डो' महिला प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान दिलाया। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन विश्वविद्यालय की खिलाडी छात्रा हाशमी ने 51 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, वही दूसरी ओर लक्ष्मी पाठक ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। जिसकी बदौलत अवध विश्वविद्यालय को प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इससे पहले प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी ने 71 किलोग्राम भार वर्ग व पूजा यादव के शानदार खेल प्रदर्शन ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक दिलाया है। वहीं सोनिया ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक दिलाया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ी छात्रा हाशमी ने रजत पदक व लक्ष्मी पाठक ने कांस्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय 'क्वान की डो' महिला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान दिलाया। इस प्रतियोगिता के टीम कोच सुरेश सिंह रहे।इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है। इनकी मेहनत व लगन का प्रतिफल रहा है कि विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्पर्धा में स्वर्ण, कांस्य, रजत पदक प्राप्त करते हुए पूरी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान दिलाया। इनके द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन से विश्वविद्यालय गौरान्वित है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों के साथ पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाओं प्रदान की जायेगी। इसके साथ इन खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय में सम्मानित किया जायेगा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, मुख्य कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह, कुलसचिव उमानाथ, प्रो. एस. एन. शुक्ला, प्रो. एस.एस. मिश्रा, प्रो.नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डा. संग्राम सिंह, महामंत्री डा. राना रोहित सिंह, अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. वी.पी. सिंह, महामंत्री प्रो. जितेंद सिंह, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डा. अनुराग पांडेय, पूर्व क्रीड़ा सचिव प्रो. प्रवीण सिंह, प्रो. सन्तोष गौड़, डा. पूनम जोशी, डा. विनय कुमार सिंह, डा. कपिल राणा, डा. त्रिलोकी यादव, डा. अनिल मिश्रा, डा. अर्जुन सिंह, डा. मनीष सिंह, डा. मुकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने बधाई दी।


**पशु चिकित्सा विज्ञापन एवम् पशुपालन महाविद्यालय आचार्य नरेंद्र देव षि एवम् प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या**

**आमंत्रण पत्र**

हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पशु लोक स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग के सौजन्य से दिनांक 1.3.2023 से 4.3.2023 तक डेयरी उद्योग में महिलाओं की क्षमता उन्नयन हेतु चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय कुलपति महोदय के कर कमलों द्वारा दिनांक 1.3.2023 को किया जाएगा। अत: आप सबसे अनुरोध है कि निर्धारित समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का कष्ट करें।

**कार्यक्रम स्थल - समिति कक्ष।** **नमिता जोशी**
समय पूर्वान्ह 10 बजे 1.03.2023 विभागाध्यक्ष


## अवध विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को

### दीक्षांत समारोह में 130 सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रों को मिलेगा स्वर्ण पदक

**कुटुंब जागरण ब्यूरो,**
अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को आयोजित होगा। इसमें स्नातक, परास्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए छात्रों को करीब 130 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। प्रदेश की राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनन्दीबेन पटेल द्वारा परास्नातक छात्र-छात्राओं को कुल 77 स्वर्ण पदक व कुलपति द्वारा स्नातक छात्रों को 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। वहीं दान स्वरूप 12 स्वर्ण पदक कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा स्नातक के 05 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। इस दीक्षांत समारोह में 97 छात्रों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जायेगी। दूसरी ओर उपाधि धारक छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक की जायेगी। प्रवेश परीक्षा भवन में वेशभूषा उत्तरीय व परीक्षा विभाग से उपाधि छात्रों को प्रदान की जायेगी। उपाधि प्राप्ति हेतु छात्रों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अपेक्षा की गई है कि 05 मार्च, 2023 तक दीक्षांत समारोह सुव्यवस्था के लिए सहमति प्रदान करें। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों को सूचित कर दिया है।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की वजह से आम जनता में उत्सा: संजीव सिंह

**कुटुंब जागरण ब्यूरो**,अयोध्या। बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की महानगर व जिले की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह अभियान 15 से 25 मार्च के बीच चलाया जायेगा। जिसको लेकर पार्टी कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्या ने अभियान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्जवल व वंदेमातरम के बाद हुई। प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्या ने कहा कि बूथ समिति में अध्यक्ष सहित 11 कार्यकर्ता होंगे। समिति सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी होनी चाहिए। जिसमें सभी सदस्यों के बीच कार्य विभाजन किया जाय। जिसमें एक मंत्री सचिव, मन की बात, व्हाट्सएप प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, प्रभावी मतदाता, युवा प्रमुख, सामाजिक श्रेणी प्रमुख, कार्य प्रमुख होंगे। पन्ना प्रमुख बूथ समिति के अतिरिक्त होंगे। प्रत्येक मण्डल में 11 से 15 मार्च के बीच बैठक करके शक्तिकेन्द्र संयोजक व अल्पकालिक विस्तारक को जानकारी देनी है।

कुटुंब जागरण

दिनांकः 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्याः 04

# अवध विवि में दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षांत पखवारा शुरू

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षान्त समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षान्त पखवारा का शुभारम्भ संत कबीर सभागार में किया गया। इसमें परिसर के छात्र-छात्राओं द्वारा कविता पाठ एवं शेरों शायरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीक्षान्त पखवारा समारोह के संयोजक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, सह संयोजक प्रो0 नीलम पाठक, समिति के अन्य सदस्यों व निर्णायक मण्डल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया गया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने शेरों शायरी की शुरूआत ष्णा-अर्जुन संवाद से शुरू की। धीरे-धीरे सभागार प्रेमरस की कविताओं ने समा बॉध दिया। कार्यक्रम में छात्रों की जीवन का किरदार एवं माँ की कविताओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं फाल्गुनी निषाद ने कालेज का हसीन वृतान्त कविता पर सभी श्रोताओं को आनन्द से ओतप्रोत कर दिया। दूसरी ओर प्रभाकर की वीररस कविता ने श्रोताओं में जोश भर दिया। वहीं छात्रों ने बिना परिश्रम के जीवन मे कुछ हासिल नही होता और मेहनत कभी व्यर्थ नही जाती प्रसंग से श्रोताओं को सोचने पर विवश कर दिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ0 शिवी श्रीवास्तव, डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 प्रतिभा सिह और डॉ0 अंशुमान पाठक रहे। इसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 44 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम की सहसंयोजक प्रो0 नीलम पाठक ने छात्रों की प्रतिभा को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

राष्ट्रीय सहारा

दिनांकः 28 फरवरी, 2023 पृष्ठ संख्याः 02

# अवध विवि के दीक्षांत समारोह की तैयारी तेज

**अयोध्या (एसएनबी)।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 27वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को होगा। इसकी तैयारियां तेजी के साथ हो रही हैं। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में यह पहला दीक्षांत समारोह होगा। इसमें स्नातक, परास्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त किये 130 छात्रों को स्वर्ण पदक मिलेंगे। प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल परातक छात्र-छात्राओं को कुल 77 स्वर्ण पदक व कुलपति स्नातक छात्रों को 36 स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे।

दान स्वरूप 12 स्वर्ण पदक कुलाधिपति एवं कुलपति स्नातक के छात्रों को पांच स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे। दीक्षांत समारोह में 97 छात्रों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जाएगी। उपाधि धारक छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से शाम चार बजे तक की जाएगी। प्रवेश परीक्षा भवन में वेशभूषा उत्तरीय व परीक्षा विभाग से उपाधि छात्रों को प्रदान की जाएगी। उपाधि प्राप्ति हेतु छात्रों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अपेक्षा की गई है कि पांच मार्च तक दीक्षांत समारोह सुव्यवस्था के लिए सहमति प्रदान करेंगे।